Rajasthan Patrika, 20/03/2025, Thursday

बदलाव: नए पाठ्यक्रमों की घोषणा

# अब बिट्स पिलानी के छात्रों को मिल सकेगी दोहरी डिग्री

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

पिलानी. बदलती औद्योगिक आवश्यकताओं और वैश्विक शैक्षणिक सहयोग को ध्यान में रखते हुए बिट्स पिलानी ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में बदलाव किया है। अब संस्थान सेमीकंडक्टर और नैनोसाइंस में एम.एससी. तथा पर्यावरण और संधारणीयता इंजीनियरिंग (एनवायरनमेंटल एंड सस्टेनेबिलिटी इंजीनियरिंग) में बी.ई. की पढ़ाई कराएगा। इसके साथ ही 2+2 अंतर्राष्ट्रीय सहयोगात्मक कार्यक्रम भी शुरु किया है। इससे विद्यार्थियों को दोहरी डिग्री मिलेगी।

इस कार्यक्रम के तहत, बिट्स पिलानी ने दुनिया के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी की है, जिनमें आरएमआइटी यूनिवर्सिटी (ऑस्ट्रेलिया), एसयूएनवाई बफेलो (यूएसए), आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (यूएसए) व रेंससेलर पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट (यूएसए) जैसे विवि शामिल हैं। पढ़ें अब @ पेज 07

## सेमीकंडक्टर व नैनो साइंस में एमएससी

**संस्थान** ने सेमीकंडक्टर व नैनोसाइंस में एमएससी पाठ्यक्रम शुरू किया है। यह सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी और नैनोफैब्रिकेशन के क्षेत्र में पेशेवरों की मांग को पूरा करेंगे। यह भारत सरकार के सेमीकंडक्टर मिशन और राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के अनुरूप तैयार किया गया है।